स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 12.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का तृतीय चरण

भिलाईनगर/ आज लोक सुराज अभियान 2018 के अंतर्गत दिन सोमवार को जिला कलेक्टर श्री उमेश अग्रवाल ने नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा आयोजित शिविर स्थल शा.पूर्व.मा.शा. जुनवानी चौक, वार्ड 02 जोन 01 नेहरू नगर शिविर का निरीक्षण किया गया एवं शिविर में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्या और उनकी मांगों से अवगत हुए। शिविर स्थल पर पृथक–पृथक लगे काउंटरों में जाकर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा शिविर स्थल पर आवेदन पंजी का भी अवलोकन किया गया। निगम आयुक्त श्री चौहान से नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और भौतिक स्थिति की जानकारी ली।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से लोक सुराज अभियान 2018 के अंतर्गत नागरिको के द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन जिसमें समस्या एवं मांग के आवेदन जो शिविर स्थल के माध्यम से प्राप्त हुए थे उन समस्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जिलाधीश श्री उमेश अग्रवाल ने आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई से आवेदनों की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर महोदय ने पात्र लोगों को शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत्–प्रतिशत् आम नागरिकों को मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चत करने के निर्देश दिये। राजस्व संबंधित प्रकरण, लोक निर्माण, पेयजल, साफ–सफाई, संधारण कार्य, श्रम विभाग, भवन अनुज्ञा, आधार पंजीयन, खाद्य नागरिक अपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, स्वरोगार ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पेंशन भुगतान, राशन कार्ड, राशन वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र में संचालित सेवाओं की स्थिति सहित आदि के संबंध में जानकारी उपस्थित अधिकारियों से प्राप्त की तथा लोक सुराज अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश आयुक्त श्री चौहान को दिये।

जिलाधीश महोदय द्वारा शिविर में संलग्न समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कार्य पर लापरवाही या अनुपस्थिति की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जावेगी इसलिए निर्धारित समय में उपस्थित होकर अपने कार्य का संपादन करें एवं शिविर में प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पहुंच रहे नागरिकों को उनके आवेदन के संबंध में जानकारी उपलब्ध करावें।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आज जोन–1 नेहरू नगर कार्यालय के द्वारा शा.पूर्व.मा.शा. जुनवानी चौक, वार्ड 02 में लोक सुराज अभियान 2018 समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त शिविर में वार्ड 01, 02, एवं वार्ड 03 के नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में पृथक–पृथक विभाग के पूर्ण जानकारी के

साथ काउण्टर बनाया गया था। साथ ही नये आवेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में भी शिविर स्थल पर पृथक काउण्टर बनाया गया था।

जन सम्पर्क अधिकारी